पॉलिटिक्स में बढ़े वीमन पार्टिसिपेशन

देश नई सरकार के स्वागत के लिए तैयार है, लेकिन गौर करने की बात यह है कि देश की कुल वोटिंग पॉपुलेशन में वीमन पार्टिसिपेशन 49 परसेंट है, जबकि संसदीय मामलों में सिर्फ 11.9 परसेंट वीमन ही एक्टिव हैं। ऐसे में पॉलिटिक्स में वीमन पार्टिसिपेशन बढ़ाना होगा। यह बात फिक्की फ्लो की ओर से दिल्ली में आयोजित पैनल डिस्कशन में सामने आई। 'वुमन एंड पॉलिटिक्सः इलेक्शंस टूडे एंड टूमोरो' विषय पर हुए डिस्कशन में वक्ताओं ने सोसायटी में मेल डोमिनेटेड परसेप्शन को बदलने पर जोर दिया गया।

फिक्की फ्लो की प्रेसीडेंट नीता बूचड़ा ने कहा कि इस पैनल डिस्कशन के माध्यम से महिलाओं के लिए कई संभावनाएं और सुझाव आने वाली नई सरकार में देखने को मिलेंगे।